बिहार सरकार
विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग

पत्रांक– वि०प्रा० (II) स्था०–01/2024/ 1520 /पटना, दिनांक– 27/3/25

सेवा में,

1. प्रधान महालेखाकार (ले० एवं ह०),
   वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

2. प्रभारी पदाधिकारी,
   वित्त (वै०दा०नि०को०) विभाग,
   बिहार, पटना।

विषय– विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित 04 (चार) राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए कुल–22 शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–03 एवं व्याख्याता–19) एवं 07 (सात) राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में विद्युत अभियंत्रण पाठयक्रम के लिए कुल–33 शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–02 एवं व्याख्याता–31) अर्थात कुल–55 (पचपन) शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–05 एवं व्याख्याता–50) के सृजन की स्वीकृति के संबंध में।

आदेश– स्वीकृत।

राज्य सरकार ने विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अधीन संचालित 04 (चार) राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिए कुल–22 शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–03 एवं व्याख्याता–19) एवं 07 (सात) राजकीय पोलिटेकनिक/राजकीय महिला पोलिटेकनिक संस्थानों में विद्युत अभियंत्रण पाठयक्रम के लिए कुल–33 शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–02 एवं व्याख्याता–31) अर्थात कुल–55 (पचपन) शैक्षणिक पद (विभागाध्यक्ष–05 एवं व्याख्याता–50) {विभागाध्यक्ष–वेतन स्तर–13ए1 एवं व्यख्याता– वेतन स्तर 9ए} के सृजन की स्वीकृति निम्नवत् प्रदान की जाती है:–

<u>इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग संकाय</u>

| क्र० | संस्थान का नाम | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | | नवसृजित पदों की संख्या | | सृजन के उपरांत पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता |
| 1. | राजकीय पोलिटेकनिक, जहानाबाद | 0 | 0 | 1 | 6 | 1 | 6 |
| 2. | राजकीय पोलिटेकनिक, अरवल | 0 | 0 | 1 | 6 | 1 | 6 |

| क्र० | संस्थान का नाम | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | | नवसृजित पदों की संख्या | | सृजन के उपरांत पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता |
| 3. | राजकीय पोलिटेकनिक, भोजपुर | 0 | 0 | 1 | 6 | 1 | 6 |
| 4. | राजकीय पोलिटेकनिक, खगड़िया | 1 | 5 | 0 | 1 | 1 | 6 |
| | कुल– | 1 | 5 | 3 | 19 | 4 | 24 |

## विद्युत अभियंत्रण संकाय

| क्र० | संस्थान का नाम | पूर्व से सृजित पदों की संख्या | | नवसृजित पदों की संख्या | | सृजन के उपरांत पदों की संख्या | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता | विभागाध्यक्ष | व्याख्याता |
| 1. | राजकीय पोलिटेकनिक, भागलपुर | 0 | 1 | 1 | 5 | 1 | 6 |
| 2. | राजकीय महिला पोलिटेकनिक, मुजफ्फरपुर | 0 | 1 | 1 | 9 | 1 | 10 |
| 3. | राजकीय पोलिटेकनिक, जमुई | 1 | 5 | 0 | 5 | 1 | 10 |
| 4. | राजकीय पोलिटेकनिक, दरभंगा | 1 | 5 | 0 | 5 | 1 | 10 |
| 5. | राजकीय पोलिटेकनिक, अररिया | 1 | 5 | 0 | 5 | 1 | 10 |
| 6. | राजकीय पोलिटेकनिक, खगड़िया | 1 | 5 | 0 | 1 | 1 | 6 |
| 7. | राजकीय पोलिटेकनिक (टेक्सटाईल टेक्नोलॉजी), भागलपुर | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| | कुल– | 4 | 22 | 2 | 31 | 6 | 53 |

2. उक्त संस्थानों में विभिन्न कोटि के शैक्षणिक पदों के प्रस्तावित सृजन के फलस्वरूप स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में कुल रू० 7,43,44,800/– (सात करोड़ तैतालीस लाख चवालीस हजार आठ सौ रूपये) मात्र का वार्षिक आवर्तक व्यय अनुमानित है। जिसका वहन, संस्थानों के स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय मद में होने वाला व्यय, गैर योजना आय–व्ययक के मुख्यशीर्ष–2203– तकनीकी शिक्षा, उपमुख्यशीर्ष–00, लघु शीर्ष–105–बहुशिल्प (पोलिटेकनिक) विद्यालय, माँग संख्या–43, उपशीर्ष–0001–प्रमाण पत्र पाठ्यक्रम, विपत्र कोड–43–2203001050001 के अधीन उपबंधित राशि से की जाएगी।

3. उक्त संस्थानों के लिए स्वीकृत एवं आवंटित राशि की निकासी संबंधित कोषागार से की जाएगी।

4. उक्त संस्थानों के लिए स्वीकृत एवं आवंटित राशि की निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, संबंधित पोलिटेकनिक संस्थान के प्राचार्य होंगे।

5. यह स्वीकृत्यादेश राज्य मंत्रिपरिषद की दिनांक–04.02.2025 को सम्पन्न बैठक में मद संख्या–43 की स्वीकृति के आलोक में निर्गत किया जा रहा है एवं स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आतंरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति प्राप्त है।

6. वित्त विभाग के पत्रांक–7355 वि(2), दिनांक 05.10.2007 के आलोक में उक्त संस्थानों के लिए स्वीकृत/आवंटित राशि की निकासी हेतु संबंधित पोलिटेकनिक संस्थान के प्राचार्य के पदनाम से प्राधिकार पत्र निर्गत करने की आवश्यकता नहीं है।

**बिहार राज्यपाल के आदेश से**

27.3.25

**(गजेन्द्र कुमार मिश्रा)**
**सरकार के संयुक्त सचिव।**

**ज्ञापांक– वि०प्रा० (II) स्था०–01/2024/** 1520 **/पटना, दिनांक–** 27/3/25

**प्रतिलिपिः**– वित्त विभाग/सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ संयुक्त सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, पटना को मंत्रिपरिषद की बैठक दिनांक–04.02.2025 में मद संख्या–43 में स्वीकृत प्रस्ताव के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

27.3.25

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक– वि०प्रा० (II) स्था०–01/2024/ 1520 /पटना, दिनांक– 27/3/25
प्रतिलिपिः– संबंधित प्राचार्य, राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान/क्षेत्रीय पदाधिकारी, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, उत्तर क्षेत्रिय कार्यालय, राजकीय पोलिटेकनिक कैम्पस, डी०टी०ई०, विकास नगर, कानपुर–208024 को सूचनार्थ प्रेषित।

27.3.25
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– वि०प्रा० (II) स्था०–01/2024/ 1520 /पटना, दिनांक– 27/3/25
प्रतिलिपिः–कोषागार पदाधिकारी, संबंधित कोषागार, बिहार/योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.3.25
सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक– वि०प्रा० (II) स्था०–01/2024/ 1520 /पटना, दिनांक– 27/3/25
प्रतिलिपिः– सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद, पटना/ माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के आप्त सचिव/संयुक्त सचिव/ आई०टी० मैनेजर (विभागीय बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु), विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

27.3.25
सरकार के संयुक्त सचिव।

प्रशाखा–3/07.02.25–1